# कार्यालय आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ ।

संख्या: 564 /एडीए / वृक्षारोपण – 2021 / दिनांक: 27.6.2020

## ई–निविदा सूचना

आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के प्राधिकरणों / उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लो0नि0वि0, आर0ई0एस0, उद्यान, सामाजिक वानिकी एवं अन्य सरकारी विभागों / नगर निकायों / जिला पंचायतों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत व अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों जिन्हें वृक्षारोपण एवं अनुरक्षण के कार्य का अनुभव हो से टू–बिड पद्धति पर **नरौली पुल से कलेक्ट्रेट एवं उसके आस-पास सड़क की दोनों पटरियों पर वृक्षारोपण एवं उसके ०३ वर्ष के रख-रखाव का कार्य हेतु** आन–लाईन ई–निविदायें https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड उपस्थित निविदादाताओं / उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यालय आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ में दिनांक 10-07-2020 को अपरान्ह 02.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | अनुमानित लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों / फर्मों हेतु ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ होने तथा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | नरौली पुल से कलेक्ट्रेट एवं उसके आसपास सड़क की दोनों पटरियों पर वृक्षारोपण एवं उसके 03 वर्ष के रख–रखाव का कार्य | बी.ओ.क्यू के अनुसार | 8.30 | 0.17 | 500.00 + 18% GST | 15 दिन | दिनांक 03.07.2020 को 14:00 बजे से दिनांक 10.07.2020 को 14.00 बजे तक। | दिनांक 10.07.2020 को 15.00 बजे। | तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त ई-टेण्डर की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा |

**नियम व शर्तें: –**

1. निविदा की प्रोसेसिंग का मूल्य, धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से अलग–अलग निम्न विवरण के अनुसार निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के खाते में जमा किया जाना होगा। वांछित धनराशि खाते में जमा होने की पुष्टि के उपरान्त ही निविदा पर विचार किया जायेगा। खाते का विवरण निम्नवत् है–

   Name of A/c Holder : Secretary, Azamgarh Development Authority, Azamgarh
   A/C No. : 50085044038
   IFS Code : ALLA0212281
   Name of Bank : ALLAHABAD BANK, COLLECTORATE BRANCH, AZAMGARH.

2. निविदा प्रपत्र / धरोहर धनराशि के मूल्य, से सम्बन्धित आर0टी0जी0एस0 का यूटीआर के नम्बर की छायाप्रति स्कैन कर निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड किया जाना होगा।
3. निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध रहेगी। इच्छुक ठेकेदार नियमित रुप से उक्त वेबसाइट देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। डिजिटल सिग्नेचर धारक ठेकेदार / फर्मों द्वारा ही आनलाइन निविदा डाली जा सकती है।
4. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन जुडिशियल स्टॉम्प पेपर जो निविदादाताओं के नाम से क्रय किया हो व रू0 1.00 का रेवेन्यू स्टॉम्प संलग्न करना आवश्यक है, जिस पर ठेकेदार के मानक हस्ताक्षर देने होंगे।
5. ठेकेदार के बिना हस्ताक्षर युक्त निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।
6. सशर्त अथवा किसी भी रूप में अधूरी निविदायें मान्य नहीं होंगी एवं निरस्त मानी जायेंगी।

7. ई–निविदा पत्रों में उल्लिखित सभी शर्तें निविदादाता को मान्य होगी।
8. अकेले (एकल) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. यह ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी कि निविदा की कीमत भरने से पूर्व कार्य एवं कार्य क्षेत्र देख लें।
10. यदि ठेकेदार के श्रमिकों द्वारा कोई नुकसान होता है, तो उसकी क्षतिपूर्ति ठेकेदर से की जायेगी।
11. यदि ठेकेदार तथा विभाग के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होगा तो ऐसे विवाद के निर्णय हेतु आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा नियुक्त आर्बीटेटर ही निर्णय करेंगे। आर्बीटेटर का निर्णय अन्तिम होगा तथा निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
12. विभाग को कार्यहित में किसी भी समय ठेका समाप्त करने/ठेके का समय बढ़ाने का पूर्ण अधिकार होगा।
13. यदि कार्य सन्तोषजनक नहीं पाया जाता है तो विभाग द्वारा नोटिस दिया जायेगा। नोटिस के 15 दिन बाद तक भी कार्य सन्तोषजनक नहीं किया गया तो असन्तोषजनक कार्य डेबिटेबिल एजेन्सी से बाजार दर पर करा दिया जायेगा, जिसका भुगतान ठकेदार के बिल से काट लिया जायेगा।
14. रख रखाव कार्य में पौधों की सिंचाई, निराई, गुड़ाई एवं छटाई, पौधे सूखने की दशा में जिस प्रजाति के पौधे लगाये गये हैं, उसी प्रजाति के मानक के अनुसार पौधे बदलने होंगे। इसके अतिरिक्त कीटनाशक दवा, रासायनिक खाद के छिड़काव आदि का दायित्व ठेकेदार का होगा। इसके लिये आजमगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी। ऐसा न करने पर जमानत धनराशि जब्त की जा सकती है।
15. वृक्षारोपण के लिये गड्ढे का आकार मानक के अनुसार करना होगा तथा खाद, मिट्टी का मिश्रण व मानक के आधार पर पौधा लगाना होगा।
16. ठेकेदार द्वारा आपूर्ति कर लगाये गये ट्री गार्ड की सुरक्षा/देखभाल स्वयं करनी होगी।
17. लगाये गये पौधों की संख्या हस्तान्तरण के समय पौधों की संख्या समान होगी, यदि अनुरक्षण की अवधि में कोई पेड़ क्षतिग्रस्त होता है तो लगाये जाने की तिथि के उपरान्त अन्य पौधों की आयु एवं वृद्धि स्थिति के अनुरूप ही पौधों का प्रतिस्थापन करना होगा।
18. वृक्षारोपण/पौधे के रख–रखाव हेतु विभाग द्वारा ठेकेदार को कोई टी0एण्डपी0 उपलब्ध नहीं करायी जायेगी।
19. ठेकेदार को पौधों की सिंचाई हेतु वॉटर टैंकर, ट्रैक्टर, पाइप आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। अलग से कोई भी सुविधा विभाग द्वारा देय नहीं होगी।
20. पौधों की मृत्यु/नष्ट होने पर उनके स्थान पर तुरन्त उसी ऊंचाई एवं गुणवत्ता के पौधे का पुनः रोपण करना होगा।
21. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं ठेकेदार व लेबर के बीच के विवाद का समाधान स्वयं ठेकेदार को करना होगा। विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
22. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार को पौधों की सुरक्षा/निराई–गुड़ाई आदि कार्य हेतु रखे जाने वाले गार्ड एवं मालियों की संख्या एवं उनके पहचान आदि हेतु अनुबन्ध के अनुसार विस्तृत विवरण कार्यालय में जमा करना होगा।
23. उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियोजन तथा सेवा शर्तें विनियम नियमावली वर्ष 2009के विनिमय (2)24के अन्तर्गत प्रत्येक संविदा का एकल पंजीकरण करना अनिवार्य है। अत : निविदा स्वीकृति एवं अनुबन्ध गठन के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही देयक का भुगतान किया जायेगा तथा प्रत्येक देयक से नियमानुसार लेबर सेस की कटौती की जायेगी।
24. निविदाओं की बी0ओ0क्यू0 में अंकित कार्यों की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है, जिसके लिए ठेकेदार / फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। निविदा डालने से पूर्व ठेकेदारों / फर्मों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्थल निरीक्षण कर लें क्योंकि बाद में स्थल से सम्बन्धित कोई क्लेम मान्य न होगा।
25. निविदा की स्वीकृति की दशा में अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक व निविदा की लागत के अनुसार आवश्यक धनराशि के स्टैम्प अनुबन्ध हेतु प्रस्तुत करने होंगे एवं उक्त हेतु अनुबन्ध गठन के समय रु0 10/- के नान ज्यूडिशियल शपथ स्टाम्प पेपर पर देना होगा।
26. निविदादाताओं / फर्म को निविदा स्वीकृति की दशा में कार्य की कुल लागत 10 प्रतिशत जमानत धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रुप में जो संबंधित खण्ड के सचिव, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ के पक्ष में बंधक हो जमा करनी होगी।

27. अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया या उसके उपरान्त यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त कर दिया जाएगा एवं दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जाएगा।

28. निविदादाता / फर्म द्वारा दिये गये दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदादाता को अयोग्य समझा जायेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि फर्जी / गलत दस्तावेज की जानकारी अनुबन्ध गठन के बाद होती है तो अनुबन्ध उसी समय निरस्त करते हुए दण्ड के रुप में धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जाएगा।

29. निविदादाता फर्म का वाणिज्यकर विभाग में जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा उनके सभी देयकों से सभी प्रकार के टैक्सों जैसे- जी0एस0टी0, आयकर, लेबरसेस, आदि जो उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू किया जाता है, से सम्बन्धित नियमानुसार व्यवहारित किया जायेगा

30. यदि किसी कारणवश निविदा सूचना में उल्लिखित तिथि को अवकाश हो जाता है तो निविदाये अगले कार्य दिवसों को खोली जायेगी।

31. शासनादेश के अनुसार डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि तीन वर्ष होगी एवं कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

32. जी0पी0डब्लू0 फार्म-9 अनुबन्ध का हिस्सा होगा।

33. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा। अन्यथा अनुबन्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए ठेकेदार / फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

34. निविदा की दर कम या अधिक (Below or Above) अंकित न होने पर निविदा की दर कम (Below) दर के लिए मान्य होगी एवं शासनादेश सं0-522/23-12-2012-2 आडिट / 08 टी0सी0-2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार बी0ओ0क्यू0 से Below दर देने पर ठेकेदार द्वारा (Performance Security Deposit) अतिरिक्त जमानत धनराशि निम्न विवरण के अनुसार देय होगी।

(अ) 10% Below दर तक 0.50% प्रति 1.00% कम (Below) दर के लिए।

(आ) 10% से अधिक Below दर पर 1.00% प्रति 1.00% कम (Below) दर के लिए।

35. सक्षम अधिकारी को कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसके सम्बन्ध मे कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

36. कार्य के पूर्ण होने पर उक्त को सम्बन्धित विभाग को सन्तोषजनक स्थिति में हस्तानान्तरित कराने का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म का होगा।

37. निविदादाता द्वारा दी गयी दर 1% लेबर सेस सहित मानी जायेगी।

38. वित्तीय बिड कार्यालय आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ में खोली जायेगी जिसकी तिथि व समय ई-टेण्डरिंग पोर्टल के माध्यम से अवगत करायी जायेगी।

JE

27.6.2020
सचिव
आजमगढ़ विकास प्राधिकरण
आजमगढ़ ।

